DTAB ने की ऑक्सीटॉसिन पर लगे प्रतिबंध को हटाने की सिफारिश

drishtiias.com/hindi/printpdf/ban-on-oxytocin-likely-to-be-lifted

चर्च में क्यों?

हाल ही में दवा तकनीकी सलाहकार बोर्ड (Drug Technical Advisory Board- DTAB) ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सिफारिश की है कि ऑक्सीटॉसिन की खुदरा बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि डेयरी सेक्टर में ऑक्सीटॉसिन के गंभीर दुरुपयोग का हवाला देते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

ऑक्सीटॉसिन

- ऑक्सीटॉसिन एक हार्मोन है जो मस्तिष्क में अवस्थित पिट्यूटरी ग्रंथि से स्रावित होता है।
- मनुष्य के व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण ऑक्सीटॉसिन को 'प्यारा हार्मोन' व 'आनंद हार्मोन' आदि नामों से भी जाना जाता है।

DTAB की सिफारिश

DTAB ने सिफारिश की थी कि ऑक्सीटॉसिन की खुदरा बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना को संशोधित किया जा सकता है और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और नियम 1945 के तहत मानव उपयोग के लिये इसकी बिक्री और वितरण को जारी रखा जाना चाहिये।

स्वागत योग्य कदम

DTAB की सिफारिश से स्त्री रोग विशेषज्ञों और प्रसूतिविदों को अधिक राहत मिली है, जिनका कहना था कि दवा की खुदरा बिक्री पर प्रतिबंध ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों और क्लीनिकों में दवा की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है, जहाँ प्रसव के बाद होने वाला अधिक रक्तस्राव अधिकाँशतः महिलाओं की मृत्यु का कारण बनता है।

दवा के निर्माण को लेकर चिंता

- हालाँकि इस प्रतिबंध को हटाने की सिफारिश की गई है लेकिन डीटीएबी ने मंत्रालय के उस फैसले के बारे में कुछ भी नहीं कहा है जिसके अनुसार केवल एक ही सार्वजनिक इकाई कर्नाटक एंटीबायोटिक और फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड दवा का निर्माण और देश भर में इसकी आपूर्ति कर सकती है।
- एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई कर्नाटक एंटीबायोटिक और फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, जिसने कभी ऑक्सीटॉसिन का निर्माण नहीं किया है, को इस तरह की एक आवश्यक दवा के निर्माण, वितरण और बिक्री का एकाधिकार देना, महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठाता है।

- इसके अलावा इस दवा का मूल्य भी चिंता का विषय है KAPL द्वारा इस दवा के लिये प्रति 5 IU शीशी का मूल्य 17.78 रुपए (GST सहित) निर्धारित किया गया है जबकि इससे पूर्व निजी कंपनियों द्वारा उपलब्ध करायी जानी वाली ऑक्सीटॉसिन का मूल्य 4.82 रुपए था।

इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिये क्लिक करें

⇒ केवल पीएसयू ही बना सकेंगी ऑक्सीटोसिन
⇒ प्रीलिम्स फैक्ट्स : 28 अप्रैल, 2018